# बिहार विधान-सभा वादवृत

## सरकारी प्रतिवेदन

## (भाग 2—कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

### वृहस्पतिवार, तिथि 29 जुलाई, 1982

विषय-सूची पृष्ठ

अध्यक्षीय घोषणा निर्दलीय सदस्यों का भा० ज० पा० में सम्मिलित होने के सम्बन्ध में। .. 1
स्थगन-प्रस्ताव की सूचनाएं (अस्वीकृत) .. .. 2-3

शून्यकाल की चर्चाएं : .. 3—7

(क) कटाव-ग्रस्त क्षेत्रों में राहत कार्य .. .. 3
(ख) सड़क का निर्माण .. .. .. 3
(ग) प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा अनियमितता .. 3-4
(घ) भूमि हदबंदी से अधिक जमीन का बंटवारा .. 4
(ङ) अवर निबंधक का पदस्थापन .. .. 4
(च) सड़क का पक्कीकरण .. .. .. 4-5
(छ) सिहभूम जिला में राहत कार्य .. .. 5
(ज) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में अनियमितता .. 5
(झ) कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति .. .. 6
(ञ) पुलिस द्वारा छापामारी .. .. 6-7

ध्यानाकर्षण सूचनाओं पर सरकारी वक्तव्य : .. 7—15

(क) सादिकपुर-पभेड़ा-मसौढ़ी सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण 7—10
(ख) महिला के साथ बलात्कार .. .. .. 11
(ग) प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई। 11—14
(घ) गन्ना के बकाये मूल्य का भुगतान .. .. 14-15

श्री सुरेन्द्र यादव—अध्यक्ष महोदय, मधुबनी जिला में 23 हजार प्रशिक्षित शिक्षक बेरोजगार हैं, उनका भविष्य अन्धकारमय है। वे लोग नियुक्ति के लिये धरना पर हैं। एक तरफ सरकार प्राइवेट मध्य विद्यालय खोलकर शिक्षकों की बहाली कर रही है लेकिन प्रशिक्षित शिक्षकों की बहाली उसमें नहीं कर रही है। इसलिये मैं मांग करता हूँ कि इन प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र की जाये।

शून्य काल की चर्चाएं :

(क) कटावग्रस्त क्षेत्रों में राहत कार्य।

श्री काली प्रसाद पांडे—गोपालगंज जिले के प्रखंड गोपालगंज, कुचायकोट, माझा, बरौली, बैकुन्ठपुर में भयंकर बूढ़ी गंडक नदी का कटाव हो रहा है जिसके चलते हजारों गांव कटाव की चपेट में आ गये हैं लेकिन खेद का विषय है कि अभी तक कटाव से बचाव के लिये कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इतना ही नहीं इन प्रखंडों में बूढ़ी गंडक का पानी हजारों गांव में घुस गया है लेकिन सरकार द्वारा कोई राहत कार्य नहीं चलाया जा रहा है। मैं सरकार से मांग करता हूँ कि उपर्युक्त प्रखंडों के कटाव से बचाने तथा राहत कार्य चलाने हेतु युद्ध स्तर पर कार्रवाई की जाय।

(ख) सड़क का निर्माण।

श्री मंगल सिंह लामाय—सिंहभूम जिला अन्तर्गत वनक्षेत्र के इलाके को मिलानेवाली सड़क टोन्टी से लेकर वम्बासाई, पासेया, जेटेया होकर कोटगड तक लगभग 22 किलो मीटर सड़क निर्माण हेतु बराबर वनक्षेत्र की जनता की मांग सरकार के पास हो रही है।

टोन्टो प्रखंड के विकास शिविर में भी माननीय मंत्री श्री रामाश्रय प्रसाद सिंह एवं जिला के उपायुक्त तथा उप-विकास आयुक्त ने जनता को आश्वासन दिया है। जिला परिषद, सिंहभूम से भी यह प्रस्ताव पारित होकर सरकार को भेजा जा चुका है।

अतः निवेदन है कि समुचित विकास हेतु यह सड़क का निर्माण एवं पक्कीकरण यथाशीघ्र किया जाय।

(ग) प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा अनियमितता।

श्री जंगी सिंह चौधरी—रोहतास जिला के दावत प्रखंड के बी० डी० ओ० श्री प्रेम चन्द्र चौधरी एवं कनीय अभियंता श्री राम नाथ पांडेय दिन-दहाड़े लूट-खसोट एन० आर० ई० पी० कार्यक्रम के तहत बेनामी निविदा देकर मुखिया रामायण

सिंह, शिवदयाल सिंह, नथुनी राम वगैरह से मिलकर 1982 के मार्च-अप्रील के स्कीम में एक हिस्सा भी काम नहीं हुआ और बिल पास हो गया । बहुत काम बिना कराये ही बिल पास हो गया जैसे पंचायत, अगरेडकला, गीधा, गंगरी, सेसरी इत्यादि में जांच करने से इनकी हेराफेरी का पता लगेगा । अतः सरकार से अनुरोध है कि इसकी जांच कर दोषी व्यक्तियों को सख्त-से-सख्त सजा दिलायी जाए ।

(घ) भूमि हदबंदी से अधिक जमीन का बंटवारा ।

श्री लाल बिहारी यादव—मधुबनी जिलान्तर्गत खुटौना प्रखंड के श्री ऐनुल हक, पे० अता हुसेन, ग्राम खुटौना, थाना खुटौना के पास हदबन्दी से फाजिल जमीन है । उनकी जमीन पर सीलिंग केस नं० 6/73-74 है । ऐनुल हक बनाम बिहार सरकार 7 अप्रील 1980 को 186 एकड़ जमीन अपर समाहर्त्ता, मधुबनी द्वारा लेने का आदेश पारित हुआ लेकिन अभीतक उस जमीन का बंटवारा हरिजनों और भूमिहीनों में नहीं किया गया है । इस ओर मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूं और सरकार से मांग करता हूं कि अविलम्ब इस भूमि हदबन्दी से फाजिल जमीन का बंटवारा कराया जाए और दे/ करने वाले दोषी अफसर को सजा दी जाये ।

(ङ) अवर निबंधक का पदस्थापन ।

श्री राम लषण राम "रमण"—अध्यक्ष महोदय, मधुबनी जिलान्तर्गत अवर निबंधन कार्यालय, खजौली में पिछले 8 महीनों से कोई भी स्थायी अवर निबंधक पदस्थापित नहीं किये गये हैं । सम्प्रति अंचलाधिकारी, खजौली को निबंधन का कार्यभार सौंपा गया है । अंचलाधिकारी अंचल कार्यालय के कार्यों को प्राथमिकता देने के पश्चात् ही निबंधन कार्यालय में समय दे पाते हैं जो स्वाभाविक एवं आवश्यक भी है । निबंधन कार्य में काफी कठिनाई हो रही है । खजौली एवं बाबूबरही की जनता के समय की निरर्थक बर्बादी होती है । अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि जनता की परेशानी को मद्देनजर रखते हुए शीघ्र अवर निबंधक की पदस्थापना खजौली में करे ।

(च) सड़क का पक्कीकरण ।

श्री अब्दुस्सलाम—अध्यक्ष महोदय, दरभंगा जिलान्तर्गत अतरवेल से भड़वाड़ा सड़क, जाले ईदगाह से जाले थाना सड़क लोक निर्माण विभाग की है । अतरवेल से भड़वाड़ा सड़क एवं पुल अत्यन्त खराब है । जाले ईदगाह से जाले थाना